प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 22.07.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दो दिवसीय झारखंड दौरे को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।**
- **झारखंड हाई कोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान आज रांची पहुंचे, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार कल दिलाएंगे पद और गोपनीयता की शपथ।**
- **स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने आज रांची में 126 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा– डॉक्टरों को मिलेगी पूर्ण स्वतंत्रता और हर जरूरी संसाधन।**
- **परिवहन मंत्री दीपक बिरूआ ने राज्य की परिवहन व्यवस्था में व्यापक सुधार का दिया आश्वासन, कहा–मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य को परिवहन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के प्रयास किए गए तेज़। और,**
- **मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्य में भारी से अति भारी बारिश का जारी किया अलर्ट, तेज हवाओं और वज्रपात की जताई संभावना, पलामू में वज्रपात से दो महिलाओं की मौत।**

*****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई से 1 अगस्त तक देवघर, रांची और धनबाद के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वे देवघर एम्स और धनबाद आईआईटी (आईएसएम) के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के प्रवास की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में आज समीक्षा बैठक हुई। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सभी व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त करने और विभागवार जवाबदेही तय करने का निर्देश दिया।

*****************

झारखंड हाई कोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान आज परिवार सहित रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर मुख्य सचिव अलका तिवारी और डीआईजी चंदन कुमार सिन्हा समेत अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार कल राजभवन में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

*****************

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने आज रांची में 126 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि राज्य गठन के बाद यह अब तक की यह सबसे बड़ी चिकित्सा बहाली है। साथ ही उन्होंने नियुक्त डॉक्टरों को पूर्ण स्वतंत्रता और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

*****************

परिवहन मंत्री दीपक बिरूआ ने राज्य की परिवहन व्यवस्था में व्यापक सुधार का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य को परिवहन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के प्रयास तेज़ किए गए हैं। साथ ही रांची की सिटी बस सेवा की खस्ताहाल स्थिति को सुधारने के लिए विभाग काम कर रहा है।

*****************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका में प्रेस वार्ता कर झारखंड सरकार की मईया समृद्धि योजना पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार पुरानी मईया सम्मान योजना को ही सही से लागू नहीं कर पा रही है और अब नई योजना शुरू करने की तैयारी कर रही है। श्री मरांडी ने इसे ग्रीन कार्ड योजना की तरह विफल होने वाली योजना बताया।

*****************

उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने कहा है कि राज्य में नई उत्पाद नीति एक सितंबर से हर हाल मेंलागू की जाएगी। आज रांची में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्होंने इसे चरणबद्ध तरीके से लागूकरने और शराब की ओवररेटिंग पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

*****************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सरायकेला पुलिस, झारखंड जगुआर और एसएसबी–26 बटालियन की संयुक्त टीम ने सरायकेला–खरसावां जिले के नीमडीह गांव के समीप पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाए गए 1 किलो 5 सौ ग्राम के 12 केन आईईडी बम बरामद किए गए। सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से पहले से यह विस्फोटक लगाया गया था। बरामद आईईडी को बम निरोधक दस्ते की सहायता से मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

*****************

हजारीबाग जिले के दारु प्रखंड में फूड, न्यूट्रिशन, हेल्थ एंड वॉश–एफएनएचडब्ल्यू कार्यक्रम के तहत विभिन्न राज्यों से आए वरीय अधिकारियों ने आजीविका महिला ग्राम संगठन, पोषण वाटिका, आंगनवाड़ी केंद्र और महिला संकुल संगठन का निरीक्षण कर स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली। महाराष्ट्र से आए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जितेंद्र गेडाम ने कहा कि स्थानीय संसाधनों और महिलाओं की भागीदारी से जो कार्य हो रहे हैं, वे अन्य राज्यों के लिए प्रेरणादायक हैं।

****************

इधर खूंटी के रनियां प्रखंड में भी खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर आयोजित क्षेत्र भ्रमण में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और बिहार से आए आजीविका मिशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने सखी मंडल और आंगनवाड़ी केंद्रों के समन्वित कार्यों की सराहना करते हुए इन्हें अन्य राज्यों में लागू करने की बात कही।

*****************

देवघर श्रावणी मेले में आनेवाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*****************

पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र में आज दोपहर धान रोपने के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई। दोनों को एमएमसीएच लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

*****************

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्य के कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार कल सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहेबगंज में भारी बारिश की संभावना है। वहीं 24 जुलाई को पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां में अति भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान तेज हवाएं और वज्रपात की संभावना भी जताई गई है।

*******समाप्त********